न्यायालय जिला कलक्टर नागौर
राजस्व मुन्तकिल प्रा० पत्र सं. 44/18
मुरलीमनोहर बनाम रामानन्द वगैरा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
3-6-19	वकुलाय उप0। वकील प्रार्थी द्वारा यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) के न्यायालय में विचाराधीन राजस्व वाद संख्या–50/2017 को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में अन्तरित किया जाने हेतु प्रस्तुत किया है। उक्त पीठासीन अधिकारी का अन्यत्र स्थानान्तरण हो चुका है। परन्तु वकील प्रार्थी ने निवेदन किया कि वादी रामानन्द पैसा वाला व राजनैतिक रूप से लोगो को प्रभाव में कर रखा है जिससे पीठासीन अधिकारी भी प्रभावित होने से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है, इसलिए राजस्व वाद संख्या–50/2017 प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में अन्तरित करने का निवेदन किया। वकील अप्रार्थी ने बहस में कथन किया कि जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध प्रार्थी द्वारा यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभावहीन हो गया है। इसलिए प्रार्थी का यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज करने का निवेदन किया। वकुलाय की बहस पर मनन किया। वकील प्रार्थी द्वारा यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) के न्यायालय में विचाराधीन राजस्व वाद संख्या–50/2017 को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में अन्तरित किया जाने हेतु प्रस्तुत किया है, परन्तु पीठासीन अधिकारी का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह प्रार्थना पत्र सारहीन हो गया है। ऐसी स्थिति में अब इस प्रकरण को किसी अन्य न्यायालय में मुन्तकिल किया जाना विधि सम्मत नहीं है। अतः उपर्युक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेशिका की प्रति अधिनस्थ न्यायालय को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। (दिनेश कुमार यादव) जिला कलक्टर नागौर कलक्टर, नागौर	